# दिनॉक 05.06.2023 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :-

1— मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2 जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
5— अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
6— जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
7— सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
8— डी0सी0, डी0पी0एम0यू0।
9— मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
10— मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो सीतापुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम इम्प्लीमेन्टशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) निदान सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा पी0पी0टी के माध्यम से अपनी संस्था द्वारा की गयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं अवगत कराया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जा रहा है। जिससे उनकी रूचि इस मिशन के प्रति बढी है। नवनीत फाउडेंशन, शिक्षा भारती, नागेश्वर जन कल्याण समिति द्वारा क्रमशः पी0पीटी0 के माध्यम से अपनी संस्था द्वारा की गयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी।

1 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को अगली बैठक में लोगों को इस प्रोजेक्ट से जोड़ने एवं ओनरशिप विकसित करने के लिए कोपेक्स एवं ओपेक्स हेतु धनराशि एकत्रित करने के लिए निर्देशित किया।

2 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को जहां —जहां पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण हो गये है एवं जलापूर्ति की जा रही है वहां ग्रामीणों से यूजर चार्ज जमा कराने के निर्देश दिये गये।

3 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि महिला बैठकों में कम से कम 30, महिला पुरूष संयुक्त बैठक मे 40 एंव बृहद बैठको में कम से कम 100 लोगो की उपस्थिति अनिवार्य है।

4 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को कार्यक्रम की मासिक रूप से की जाने वाली गतिविधियों की पूर्व सूचना कार्यालय में प्रस्तुत करें, जिसका आई0एस0ए0 कोआर्डीनेटर एंव समस्त जूनियर इंजीनियर को मौके पर गतिविधियो को सत्यापन करने हेतु निर्देश दिये गये ।

5 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि ग्रामीणों को गृह संयोजन लेने हेतु जागरूक किया जाये एवं घर के अन्दर गृह संयोजन कार्य कराया जाये ।

6 — जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को VWSC समिति के सदस्यों के साथ पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है।

**सेंन्सिस टेक लि0 ( टी0पी0आई0ए0)—**

1— टी0पी0आई0 सेन्सिस टेक लि0 द्वारा पी0पीटी0 के माध्यम से कार्य कर रही एजेन्सी मेसर्स एल एण्ड टी एवं एन0सी0सी0 लि0 के कार्यों की जानकारी दी गई जिसमें विकास खण्ड परसेण्डी के ग्राम पंचायत पगरोई में ब्रिक वर्क एवं शिरोपरि जलाशय के राफ्ट की कंक्रीटिंग की फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया जिसमें मेसर्स एन.सी.सी. लि. द्वारा निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की ईटों का प्रयोग एवं शिरोपरि जलाशय के राफ्ट में हनीकॉम्ब पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्म को ग्राम पंचायत पगरोई में शिरोपरि जलाशय के राफ्ट को तोड़ते हुए सम्बन्धित एजेन्सी को इस तरह के कार्य कर रहे सब कान्ट्रेक्टर को हटाने के निर्देश दिये गये एवं उच्च गुणवत्ता की ईटों का प्रयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सीतापुर

Scanned by CamScanner

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0–**

1– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 534 स्वीकृति डी0पी0आर0 में 30 रिग मशीन द्वारा 362 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 130 नग में कार्य चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस, बोरवेल, बाउन्ड्रीवाल इत्यादि कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सड़के तोड़ी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीध्र किया जाये।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजना में पानी का संचालन किया जा रहा है वहां नियमित रूप से नियमानुसार शुद्ध पेयजल का संचालन कराया जाये।

**मे0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 784 स्वीकृति डी0पी0आर0 में 35 रिग मशीन द्वारा 531 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 361 नग में कार्य चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस, बोरवेल, बाउन्ड्रीवाल इत्यादि कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सड़के तोड़ी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीध्र किया जाये।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजना में पानी का संचालन किया जा रहा है वहां नियमित रूप से नियमानुसार शुद्ध पेयजल का संचालन कराया जाये।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 के किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया की ओ0एच0टी की प्रगति बहुत कम है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रगति बढाने के निर्देश दिये गये।

5– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा बैठक में उच्च स्थानों पर भूमि विवादित होने की सूचना दी जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि की सूची उपलब्ध कराये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक के अन्त में सभी आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, पम्प आपरेटर, VWSC समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों को एकत्रित कर जल जीवन मिशन के कार्यों की जागरूकता प्रदान करना सुनिशित करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>सीतापुर<br>(सदस्य सचिव) | अधिशासी अभियन्ता,<br>सीतापुर प्रखण्ड,<br>शारदा नहर सीतापुर,<br>(सदस्य) | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>सीतापुर<br>(सदस्य)<br>जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>सीतापुर | जिला पंचायत राज अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) |
| जिला विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | | जिलाधिकारी,<br>(अध्यक्ष) |

पृ0 संख्याः 1203 / M-45 /14 दिनॉक 26/06/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
3– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
5– डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
6– समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner